Regarding alleged irregularities in utilization of CSR fund.-laid

श्री वीरेन्द्र सिंह (चन्दौली) : विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों की तरफ से वाराणसी जनपद में सी.एस.आर. फण्ड के माध्यम से बहुत फण्ड आया । मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि ये फंड्स कहाँ कहाँ खर्च किये गए ? क्योंकि सी.एस.आर. फण्ड के जरिये वाराणसी समेत देश भर में बड़े पैमाने पर कथित रूप से अनियमितताएं बरती गई । इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, बी.एच.ई.एल, जी.ए.आई.एल. आदि कंपनियां सी.एस.आर. फण्ड के उपभोग मे कथित रूप से अनियमितताएँ बरती गई हैं । सी.एस.आर फण्ड का सदुपयोग हो इस हेतु मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इसकी मोनिटरिंग हेतु जनप्रतिनिधियों की एक निगरानी कमेटी बनाई जाए ।